आईटीआई लिमिटेड ने विश्व पर्यावरण दिवस 2022 मनाया ।

आईटीआई लिमिटेड ने अपने प्लांट/इकाईयों में दिनांक 06 जून, 2022 को 'केवल एक पृथ्वी' थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस (डब्ल्यूईडी) मनाया।

पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने, कार्रवाई का समर्थन करने और सभी हेतु पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बदलाव लाने हेतु यह दिन मनाया गया। इस अवसर पर आईटीआई लिमिटेड निगमित कार्यालय में निदेशक(उत्पादन) एवं निदेशक(मानव संसाधन) अतिरिक्त प्रभारी श्री डी. वेंकटेश्वरुलु ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, इस साल की थीम हमें अपने ग्रह पृथ्वी को बचाने का आह्वान करती है। अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़ लगाना, हरित पर्यावरण हेतु योगदान देना और पर्यावरण की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कार्यस्थल उन श्रमिकों के लिए सुरक्षित है जो कारखानों में लेड एक्सपोजर और अन्य औद्योगिक खतरों से पीड़ित हैं। आज का उद्देश्य प्रकृति के साथ लंबे समय तक जीवन को बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को एक स्वच्छ और हरित स्थान बनाने के लिए पर्यावरण हेतु सकारात्मक कार्यों की रक्षा और बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर, श्री डी. वेंकटेश्वरुलु ने पौधा लगाया जिसके बाद श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (वित्त), श्री राकेश चंद्र तीवारी, निदेशक (विपणन), मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री बी काशीविश्वनाथन एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया।

निदेशक (उत्पादन) एवं (मानव संसाधन) अतिरिक्त प्रभारी श्री डी. वेंकटेश्वरुलु ने पौधे लगाते हुए।

निदेशक (वित्त) श्री राजीव श्रीवास्तव ने पौधे लगाते हुए।

निदेशक (विपणन) श्री राकेश चंद्र तिवारी ने पौधे लगाते हुए।

मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री बी काशीविश्वनाथन ने पौधे लगाते हुए।